भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी)
की केन्द्रीय कमेटी का मुखपत्र

प्रतिरोध का स्वर

जनवरी 2026
वर्ष 40 संख्या 1
मूल्य 5 रुपये

भारत में पहली कम्युनिस्ट कान्फ्रेंस की शताब्दी का कोलकाता में आयोजन

सीपीआई (एमएल)–न्यू डेमोक्रेसी ने भारत में पहली कम्युनिस्ट कॉन्फ्रेंस की शताब्दी ऐसे समय में मनाई, जब केंद्र और अधिकांश राज्यों में शासन कर रहा शासक वर्ग का सबसे प्रतिक्रियावादी फासीवादी तबका कम्युनिस्टों के खिलाफ युद्ध की घोषणा कर चुका है और शुरुआत कम्युनिस्ट क्रांतिकारियों को निशाना बनाकर कर रहा है। यह शताब्दी ऐसे समय में मनाई जा रही है जब कम्युनिस्ट आंदोलन की प्रासंगिकता पर ही सवाल उठाए जा रहे हैं, उसके लिए शोक संदेश लिखे जा रहे हैं और मार्क्सवाद को शासक वर्गों की जरूरतों के अनुसार ढालने के सुझाव दिए जा रहे हैं। यह शताब्दी ऐसे समय में मनाई जा रही है जब संसदीय बौनेपन ने कम्युनिस्ट आंदोलन की जीवंतता को कमजोर किया है और कर रहा है। लेकिन व्यवस्था का गहराता संकट, जनता की बढ़ती मुश्किलें और तीव्र होते वर्गीय अंतर्विरोध जनता के संघर्षों के एजेंडे पर क्रांतिकारी परिवर्तन को लगातार ला खड़ा कर रहे हैं। कम्युनिस्ट क्रांतिकारी ही एकमात्र ऐसी शक्ति हैं जो क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकती है।

इसी आवश्यकता को रेखांकित करने के लिए, कम्युनिस्ट आंदोलन की गौरवशाली विरासत की एक उत्तराधिकारी, सीपीआई (एमएल)–न्यू डेमोक्रेसी ने 24 दिसंबर 2025 को कोलकाता में एक महासभा के माध्यम से इस शताब्दी का आयोजन किया।

सीपीआई (एमएल)–न्यू डेमोक्रेसी ने 26 से 28 दिसंबर 1925 को कानपुर में आयोजित भारत की पहली कम्युनिस्ट कॉन्फ्रेंस के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 24 दिसंबर 2025 को कोलकाता के लेनिन सारणी स्थित सुभाष मलिक स्क्वायर में 2000 से अधिक मुख्यतः कम्युनिस्ट नेताओं और कार्यकर्ताओं की एक सभा आयोजित की। पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों तथा बिहार, तेलंगाना, पंजाब, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, असम, दिल्ली, झारखंड, तमिलनाडु और महाराष्ट्र से साथी इस सभा में शामिल हुए। अन्य कम्युनिस्ट क्रांतिकारी संगठनों के साथी भी इस बैठक में उपस्थित थे। इस सभा में बड़ी संख्या में महिलाओं और युवाओं ने भाग लिया।

सुबह 11:30 बजे से यह सभा क्रांतिकारी गीतों और नेताओं के भाषणों से गूंज उठी। कम्युनिस्ट इतिहास के महत्वपूर्ण आंदोलनों के चित्रण तथा शहीदों और दिवंगत नेताओं की तस्वीरों की एक पोस्टर प्रदर्शनी भी इस अवसर पर लगाई गई। यह कार्यक्रम सीपीआई (एमएल)–न्यू डेमोक्रेसी और पीसीसी सीपीआई (एमएल) के विलय के बाद कोलकाता में किया गया पहला कार्यक्रम था।

मंच और पार्क को लाल रंग से सजाया गया था, पार्टी के झंडे लहरा रहे थे और मंच पर बने एक प्लेटफॉर्म पर सीपीआई (एमएल) के नेताओं – कामरेड चारू मजूमदार, सत्य नारायण सिंह और सीपी रेड्डी की विशाल तस्वीरें लगाई गई थीं। तीन बड़े बोर्डों पर क्रांतिकारी आंदोलन के शहीदों और दिवंगत नेताओं की तस्वीरें प्रदर्शित की गई थीं और ऐसे नामों की एक सूची भी प्रदर्शित की गई थी। एक लंबे बैनर पर पिछले 100 वर्षों में भारत में कम्युनिस्टों द्वारा नेतृत्व किए गए या जिनमें उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, ऐसे ऐतिहासिक जन संघर्षों की पुरानी तस्वीरें और संक्षिप्त विवरण लगाए गए थे, जैसे 1930 का सोलापुर कम्यून, आईएनए नाविकों का विद्रोह, वर्ली आदिवासी विद्रोह, तेलंगाना किसान सशस्त्र संघर्ष, तेभागा आंदोलन, पोस्ट एंड टेलीग्राफ मजदूरों की हड़ताल, पेप्सू मुजहरा आंदोलन, पुनाप्प्रा–वायलार आंदोलन, बंगाल का खाद्य आंदोलन, नक्सलबाड़ी, श्रीकाकुलम, मुशहरी, देबरा गोपीबल्लवपुर व लखीमपुर खीरी के सशस्त्र किसान संघर्ष तथा गोदावरी घाटी प्रतिरोध संघर्ष, आदि। सभा स्थल पर क्रांतिकारी और प्रगतिशील साहित्य का एक पुस्तक काउंटर तथा श्रमजीवी स्वास्थ्य उद्योग द्वारा संचालित एक चिकित्सा शिविर भी लगाया गया था।

नक्सलबाड़ी, तेलंगाना और तेभागा को सम्मानित करने वाले नारों की गूंज के बीच पार्टी के वरिष्ठ नेता और पश्चिम बंगाल राज्य समिति के सचिव कामरेड सुशांत झा ने शहीदों और दिवंगत नेताओं की तस्वीरों से घिरे स्थान पर लाल झंडा फहराया। कार्यक्रम की शुरुआत कामरेड सुमित सिन्हा द्वारा प्रेसीडियम के सदस्यों – कामरेड सुशांत झा, केंद्रीय समिति सदस्य कामरेड सेलेन भट्टाचार्य, पश्चिम बंगाल राज्य समिति के नेता कामरेड चंदन परमानिक और केंद्रीय समिति सदस्य कामरेड जे.वी. चलपति राव को मंच पर आमंत्रित करने से हुई। इसके बाद पार्टी वक्ताओं को मंच पर बुलाया गया। पार्टी की केंद्रीय समिति से कामरेड वी.के. पटोले, आंध्र प्रदेश के पार्टी प्रवक्ता कामरेड पी. प्रसाद, ओडिशा के पार्टी प्रवक्ता कामरेड भाल चंद्र षडंगी, असम राज्य समिति के नेता कामरेड जोगेश भट्टा, तेलंगाना के पार्टी प्रवक्ता कामरेड एस.वी. राव, पंजाब समिति के प्रवक्ता कामरेड कुलविंदर सिंह वरैच और दिल्ली समिति के प्रवक्ता कामरेड मृगांक। कार्यवाही का संचालन कामरेड चंदन परमानिक और कामरेड सुमित सिन्हा ने किया।

वक्ताओं के मंच पर आने के बाद शहीदों की स्मृति में एक मिनट का मौन रखा गया। इसके बाद पश्चिम बंगाल पीडीएसयू की सांस्कृतिक टोली स्फुलिंग ने शहीदों को समर्पित एक जोशीला गीत प्रस्तुत किया। इसके पश्चात पार्टी की केंद्रीय समिति की ओर से कामरेड वी.के. पटोले ने सभा को संबोधित किया।

पार्टी के इतिहास का उल्लेख करते हुए कामरेड पटोले ने कहा कि कम्युनिस्ट आंदोलन के दौरान नक्सलबाड़ी के बाद पार्टी का दूसरी बार पुनर्गठन हुआ। उन्होंने जनता की स्थिति और क्रांतिकारी आंदोलन के सामने मौजूद चुनौतियों की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि कम्युनिस्टों द्वारा स्थापित समाजवाद विफल हो गया है। लेकिन क्या कोई और समाज ऐसा है जो जन्म से

(आगे पृष्ठ 3 पर)

पंजाब में भूमि संघर्षों के नेता का. मुकेश मलौद दिल्ली में रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार

पंजाब में पिछले 12 वर्षों में, पंताब में दलितों के सबसे बड़े लोकतांत्रिक आंदोलन के नेता का. मुकेश मलौद को, पिछली व मौजूदा सरकार द्वारा दर्ज, गढ़े हुए मामलों में गिरफ्तार करके भगवंत मान सरकार ने अपनी असली दलित विरोधी, मज़दूर विरोधी सोच और दोहरे मापदंडों को उजागर कर दिया है।

इन आंदोलनों का नेतृत्व करने वाली ज़मीन प्राप्ति संघर्ष समिति (जेडपीएससी) के युवा और निडर नेता मुकेश मलौद को 30 दिसम्बर को पंजाब पुलिस की सीआईडी ब्रांच और संगरूर पुलिस ने हजरत निज़ामुद्दीन रेलवे स्टेशन से उस समय उठाया, जब वे नागपुर में अंबेडकर मिशन की बैठक को संबोधित करने के बाद वापस लौट रहे थे। फिर दिल्ली में कोर्ट से रिमान्ड पर लिए बिना ही, वे उन्हें 'अपहरण' करके ले गए।

अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त जेडपीएससी का आंदोलन समाज के सबसे उत्पीड़ित

(शेष पृष्ठ 7 पर)

हनुमानगढ़: खेती की जमीन पर कारपोरेट कब्जा रोकने के लिए किसानों का सफल संघर्ष

17 दिसम्बर को राजस्थान के हनुमानगढ़ में जिला अनाज मण्डी में संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में किसानों ने 10–12,000 की संख्या में एकत्र होकर घग्घर नदी इलाके की खेती की हरी–भरी जमीन पर जल व अन्य प्रदूषण फैलाने वाले एथेनॉल प्लान्ट का विरोध किया और सरकार को इसके लगने पर और किसानों पर दर्ज केसों पर पुनः विचार करने पर मजबूर किया। यह एसकेएम के नेतृत्व में किसानों की एक बड़ी जीत है।

मोर्चे के नेताओं ने किसानों पर 10 दिसम्बर को की गयी हिंसा की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि देश में डबल इंजन सरकारें, यानी आर.एस.एस.–भाजपा की केंद्र सरकार और राज्य सरकार लगातार किसानों पर हमले कर रही हैं और उपजाऊ कृषि भूमि पर कब्जा करा रही हैं। कॉरपोरेट भारत को गहरे खाद्य संकट में धकेलना चाहती हैं और अमेरिका के साथ विचाराधीन "मुक्त व्यापार समझौते" के तहत बिना शुल्क मक्का व गेहुं का आयात करना चाहती हैं। अनाज से एथेनॉल बनाने वाले संयंत्रों के खिलाफ किसानों के संघर्ष को पूर्ण समर्थन देते हुए औद्योगिक प्रयोजन के लिए कृषि भूमि के रूपांतरण की अनुमति नहीं देने की अपनी मांग को एसकेएम ने दोहराया। साथ में भजनलाल शर्मा सरकार से मांग की कि गिरफ्तार किसानों को तुरंत रिहा करे तथा सभी घायलों को मुआवजा दे।

राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले की टिब्बी तहसील में 10 दिसंबर, 2025 को राठीखेड़ा और अन्य गांवों के किसानों पर बड़े पैमाने पर हिंसा हुई जिसमें 16 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और 40 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया। किसान आरएसएस–भाजपा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार द्वारा 2 से 4 फसली उपजाऊ भूमि पर एथेनॉल संयंत्र की स्थापना के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। उस दिन 10,000 से अधिक किसान महापंचायत के लिए एकत्रित हुए थे, क्योंकि अप्रैल 2024 से संयंत्र के खिलाफ उनका 17 महीने लंबा धरना, राज्य सरकार को समझाने में विफल रहा था।

यह भूमि 2020 में कुल 7 मालिकों से खरीदी गई थी। स्थानीय रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से उद्योग स्थापित करने का प्रचार किया गया था। अनाज से एथेनॉल बनाने की प्रक्रिया में अनाज को पीसने और किण्वन (फरमेन्टेशन) के लिए भारी मात्रा में भूजल की आवश्यकता होती है। एक लीटर एथेनॉल के लिए लगभग 10 से 17 लीटर पानी की आवश्यकता होती है। संयंत्र की क्षमता 13,20,000 लीटर प्रतिदिन है, जिसका अर्थ है कि कारखाने को इसमें से 10 से 17 गुना अधिक पानी चाहिये, जो भूतल से खिंचेगा और इलाके को सुखा देगा।

एथेनॉल बनाने में बचे अपशिष्ट हानिकारक रसायनों से भरे होते हैं। इसके अलावा यहां ईंधन के लिए 40 मेगावाट की एक बिजली उत्पादन परियोजना लगाई जा रही थी, जिसमें पराली जलाई जानी थी। इससे जहरीली गैसें निकलेंगी और प्रतिदिन 220 क्विंटल से अधिक राख उत्पन्न होगी। एक ओर देश भर में किसानों पर साल में एक बार अपने खेतों में पराली जलाकर वायु प्रदूषण फैलाने के नाम पर मुकदमे दर्ज किये जा रहे हैं, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय खुद सक्रिय है। लेकिन सरकार इस संयंत्र को 'रोजाना' भारी मात्रा में पराली जलाने की अनुमति दे रही है। अब पराली को कम्प्रेस करके उससे बनी गिट्टी पूरे इलाके से भेजने की तैयारी है, जिसके लिए हरियाणा और राजस्थान, दोनों में कई मशीनें लगाई जा चुकी हैं।

यह परियोजना पेट्रोल और डीजल के एथेनॉल मिश्रण का हिस्सा है। चंडीगढ़ स्थित कंपनी ड्यून एथेनॉल प्राइवेट लिमिटेड ने लगभग 40 एकड़ जमीन खरीदी थी। 16 जून, 2021 को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (**MoEFCC**) ने इसे 1320 किलोलीटर प्रति दिन (**KLPD**) की क्षमता वाला अनाज आधारित एथेनॉल संयंत्र और 40 मेगावाट का सह–उत्पादन विद्युत संयंत्र स्थापित करने की अनुमति दी थी।

टिब्बी का यह क्षेत्र समृद्ध घग्घर बेसिन राजस्थान के कुछ गिने–चुने हरे–भरे क्षेत्रों में से एक है और लाखों लोगों को आजीविका प्रदान करता है। जब जमीन खरीदी गयी थी, तब केवल उद्योग लगाने का प्रचार था। पर पिछले साल कॉरपोरेट समर्थक सरकार ने रोजगार की उनकी उम्मीदों को बुरी तरह झकझोर दिया और उन्हें एहसास हुआ कि यह उद्योग एथेनॉल प्लान्ट है जो उनका मौजूदा आजीविका साधन, उनकी जमीन ही बर्बाद कर देगा।

एथेनॉल संयंत्र के खिलाफ विरोध प्रदर्शन अप्रैल 2024 में शुरू हुआ। सरकार ने कंपनी से अधिक मुआवजे का आश्वासन देने की कोशिश की। किसान अंत तक लड़ने के लिए दृढ़ थे। अंतिम चर्चा 25 नवंबर को होनी थी, लेकिन 19 नवंबर को बैठक से पहले भारी पुलिस बल ने प्रमुख नेताओं को गिरफ्तार कर लिया।

एसकेएम महापंचायत को एआईकेएमएस से आशीष मित्तल, एआईकेएमएस उत्तर प्रदेश अध्यक्ष धरमपाल सिंह, बीकेयू से राकेश टिकैत, बीकेयू उग्राहां के जोगिन्दर सिंह उग्राहां, एआईकेएस के कृष्णा प्रसाद तथा संघर्ष के इलाके से दर्जनों नेताओं ने संबोधित किया।

अनाजों से एथेनाल : भोजन कारपोरेट के हवाले; ग्रामीण जलवायु जहरीले प्रदूषण के हवाले

आशीष

हाल के वर्षों में भारत सरकार ने पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण को तेजी से बढ़ावा दिया है और इसे ऊर्जा आत्मनिर्भरता, कच्चे तेल के आयात में कटौती तथा ईंधन के जलने से प्रदूषण कम कर इसे जलवायु समाधान के रूप में प्रस्तुत किया है। इस नीति के तहत शीरा आधारित एथेनॉल से हटकर चावल, मक्का, गेहूं, टूटे चावल, मोटे अनाज के किण्वन (फरमेंटेशन) से एथेनॉल उत्पादन की ओर तेजी से रुख किया गया है और कई ग्रामीण स्थानों पर इसके उद्योग लगाए जा रहे हैं।

तकनीकी पहलु

एथेनॉल या अल्कोहाल बनाने का सबसे महंगा सौदा अनाज से है। शीरे या गन्ने का रस ज्यादा सस्ता और सरल स्रोत है। इसमें अनाज पीसकर उसे पकाया जाता है, फिर किण्वन (फरमेंटेशन) व आसवन (डिस्टिलेशन) किया जाता है। गरीबों का भोजन कारपोरेट के ईंधन में बदला जाता है। हालांकि कारपोरट हित की इस नीति का प्रचार "हरित" और "किसान हितैषी" के रूप में किया जा रहा है परंतु यह खेतों व प्रकृति में भयंकर जलवायु प्रदूषण भी फैलाता है। जमीनी हकीकत बताती है कि इससे गंभीर सामाजिक, पर्यावरणीय और खाद्य सुरक्षा संबंधी खतरे पैदा होते हैं जिसका सबसे अधिक बोझ ग्रामीण गरीब और कृषि समुदायों पर पड़ता है।

दूसरा तकनीकी पहलु है 20 प्रतिशत मिश्रण से पुराने वाहनों की मशीनरी में होने वाली क्षति का और वाहनों की प्रति लीटर चाल घटने का।

एथेनॉल उत्पादन कच्चा तेल आयात से बहुत ज्यादा महंगा है

इस समय अंतर्राष्ट्रीय बाजार से भारत में कच्चा तेल का आयात 64 डॉलर प्रति बैरल है जो बढ़े हुए डॉलर मूल्य के बावजूद करीब 36 रुपये प्रति लीटर पड़ता है। इसके शुद्धि करने की कीमत जोड़कर भी यह कम्पनियों को करीब 2 से 6 रुपये पड़ती है। पर एक लीटर एथेनॉल बनाने में 3 किलो मक्का का इस्तेमाल होता है, यानि अगर जमीन, संयत्र, शोधन, खेती व पर्यावरण क्षति की कीमत छोड़ भी दिया जाए, तो इसमें केवल मक्का की कीमत ही 66 से 72 रुपये पड़ेगी। यह पेट्रोल व डीजल में मिश्रण का सस्ता विकल्प कैसे है, यह समझ से परे है।

खाद्य अनाजों का संकट, खाद्य असुरक्षा, एकल फसल व्यवस्था

खाद्य अनाजों से एथेनॉल उत्पादन सीधे तौर पर खाने योग्य फसलों के प्रयोग को सार्वजनिक खाद्य व्यवस्था (पीडीएस), मध्याह्न भोजन और पोषण योजनाओं से बाहर मोड़ देता है। अब इन फसलों को तेजी से डिस्टिलरी उद्योगों को दिया जाना होगा। यह निश्चित ही खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि करेगा।

यह दावा कि एथेनॉल संयंत्र केवल "अधिशेष" या "खराब" अनाज का उपयोग करते हैं, पूर्णतः भ्रामक है। कहां है व्यवस्था जो देश भर से खराब अनाज बटोर सके और क्या उतने से ही एथेनॉल संयंत्र चल सकेगा? व्यवहार में, एथेनॉल के लिए अनाज की खरीद खाद्य बाजारों से प्रतिस्पर्धा करेगी और स्थानीय उपभोग की अवहेलना कर, औद्योगिक उपयोग के लिए विशिष्ट फसलों के उत्पादन को प्रोत्साहित करेगी। अनाज आधारित एथेनॉल उद्योग लगने से इलाके में मक्का और चावल की एकल फसल (मोनोकल्चर) को बढ़ावा मिलेगा ताकि औद्योगिक मांग की पूर्ति हो और स्थानीय खाद्य जरूरतों के लिए पैदावार घट जायेगी। इसको दिये जा रहे राज्य द्वारा समर्थन से 'विकास' के नाम पर रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों और भूजल सिंचाई पर निर्भरता भी बढ़ेगी, उत्पादन लागत बढ़ेगी और पारिस्थितिक विनाश बढ़ेगा तथा छोटे और सीमांत किसानों की फसल पैदा करने की स्वतंत्रता घटेगी। ऐसे उद्योग पारंपरिक मिश्रित खेती प्रणाली व फसल विविधता को कमजोर करते हैं और इससे और जलवायु परिवर्तन होता है और कृषि और भी नाजुक हो जाती है।

आयात तथा अंतर्राष्ट्रीय व्यापार

इन संयत्रों को बढ़ावा देने का यह पहलु कि इससे ईंधन के इस्तेमाल में हमारी आत्मनिर्भरता बढ़ेगी, भी भ्रामक है। तेल आयात जरूर घटेगा पर अंतराष्ट्रीय अनाज व्यापारिक कम्पनियां अपना अत्यधिक अतिरिक्त फसल का भारत में निर्यात करने के लिए अपनी सरकारों के माध्यम से भारत सरकार पर दबाव बना रहे हैं। अमेरिका के साथ मुक्त व्यापार समझौते में भी यह एक मसला है। वह अपनी मक्का व गेहूं के लिए बाजार ढूंढ रहा है।

जल संकट और पारिस्थितिक दबाव

अनाज आधारित एथेनॉल संयंत्र अत्यधिक जल–खपत वाले होते हैं। सफाई करने, अनाज पीसने, पकाने, किण्वन और आसवन के लिए ठण्डा करने और बॉयलर चलाने के लिए भारी मात्रा में ताजे पानी की आवश्यकता होती है। इससे भूजल का तेजी से दोहन होता है, कुएं और हैंडपंप सूखते हैं और पीने तथा सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता घटती है।

अनाज आधारित डिस्टिलरी से निकलने वाले अपशिष्ट, यदि ठीक से उपचारित न किए जाएं, तो नदियों, तालाबों और भूजल को प्रदूषित करते हैं। शुद्ध एथेनॉल के पृथक्करण में, इसका अधिकांश भाग हानिकारक मध्यवर्ती पदार्थों – माइक्रोटॉक्सिन के साथ भारी धातु, कीटनाशक, अपशिष्ट के रूप में बच जाता है। ये मध्यवर्ती पदार्थ विभिन्न खाद्य पदार्थों को दूषित करते हैं और कृषि भूमि की मिट्टी की लवणता और विषाक्तता बढ़ाकर नुकसान पहुंचाते हैं।

इथेनॉल संयंत्र हमेशा अपशिष्ट को भूमिगत कुओं या नदियों में डाल देते हैं क्योंकि इसके निपटान का कोई अन्य सस्ता तरीका उपलब्ध नहीं है। जहां–जहां इसका विषैला पानी जाता है वहां एक ओर उसका रंग काला पड़ जाता है और दूसरी ओर उसमें मौजूद कीटाणुओं तथा रसायनों में सामान्य पानी से आक्सीजन खींचने की बहुत तेज़ क्षमता होती है। इससे मछली व अन्य जंतुओं का जीवन नष्ट हो जाता है। पंजाब के जीरा में भी ऐसा ही हुआ, जहाँ हाल ही में किसानों के विरोध प्रदर्शन के कारण संयंत्र को

(शेष पृष्ठ 7 पर)

भारत में पहली कम्युनिस्ट कान्फ्रेंस की शताब्दी का कोलकाता में आयोजन

(पृष्ठ 1 से आगे)
लेकर मृत्यु तक सुरक्षा, पूर्ण रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी सुविधाएं देने के करीब भी पहुंचा हो। उन्होंने पार्टी सदस्यों और क्रांतिकारी संगठनों के साथियों से शहीदों से प्रेरणा लेने और नवजनवादी क्रांति को पूरा करने का आह्वान किया।

अगले वक्ता कामरेड सुशांत झा ने सभा का अभिवादन किया और कहा कि भारत में कम्युनिस्ट आंदोलन का जन्म अक्टूबर क्रांति के प्रभाव में हुआ। उन्होंने कहा कि कुछ संगठन, सीपीआई, सीपीएम और सीपीआई (एमएल) लिबरेशन, जो कम्युनिज्म का नाम लेते हैं, संसदीय बौनेपन के शिकार हो चुके हैं। मोदी सरकार ऑपरेशन कगार चला रही है, सरकार ने सैकड़ों माओवादी नेताओं और कैडरों की हत्या की है और यह घोषणा की है कि मार्च 2026 तक नक्सलवाद को खत्म कर दिया जाएगा। उनका निशाना सिर्फ माओवादी नहीं हैं बल्कि पूरा क्रांतिकारी खेमा है और आगे चलकर सामाजिक जनवादी तथा शासक वर्गों के विपक्षी हिस्से भी हैं। यह देश पर फासीवादी तानाशाही थोपने की मुहिम का हिस्सा है।

इसके बाद आयोजकों ने देबरा गोपीबल्लभपुर आंदोलन की वरिष्ठ कार्यकर्ता और प्रसिद्ध बंगाली कवियित्री तथा महिला पत्रिका समता की संपादक कामरेड पियासा दास गुप्ता को मंच पर आने में सहायता की। उन्होंने अपनी लिखी एक कविता का पाठ किया।

इस अवसर पर बिप्लवी गणलाइन द्वारा प्रकाशित दो प्रकाशनों का विमोचन किया गया। एक पत्रिका का विशेषांक, जो पहली कम्युनिस्ट कॉन्फ्रेंस के 100 वर्षों पर आधारित था, तथा दूसरी भारत में कम्युनिस्ट आंदोलन के प्रारंभिक चरण के इतिहास पर एक पुस्तिका।

सभा को संबोधित करते हुए कामरेड भालचंद्र षडंगी ने कहा कि कम्युनिस्ट क्रांतिकारी ही वे लोग हैं जिन्होंने आदिवासियों और उनके अधिकारों के संघर्षों के साथ खड़े रहकर सरकारों द्वारा कॉरपोरेट लुटेरों – मुख्यतः विदेशी, लेकिन देसी भी, की सेवा में भारत की खनिज संपदा की लूट के लिए किए जा रहे जबरन विस्थापन का विरोध किया है। जबरन बेदखली के खिलाफ कम्युनिस्ट क्रांतिकारियों द्वारा किए गए संघर्ष ही वन अधिकार कानून के बनने के लिए महत्वपूर्ण थे। कम्युनिस्ट क्रांतिकारी शासक वर्गों के उस विकास मॉडल के खिलाफ आदिवासियों के संघर्षों का समर्थन कर रहे हैं जो कॉरपोरेट द्वारा वन संपदा के शोषण पर आधारित है। ऑपरेशन कगार जैसे हमलों का यह एक महत्वपूर्ण कारण है।

कामरेड सेलेन भट्टाचार्य ने कहा कि पिछले सौ वर्षों में कम्युनिस्टों ने मजदूरों और किसानों के संघर्षों का नेतृत्व किया है और बड़े बलिदान दिए हैं। लेकिन अखिल भारतीय आंदोलन का निर्माण आवश्यक है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कम्युनिस्ट क्रांतिकारियों को, जो दशकों से अलग–अलग संगठनों में बंटे हुए हैं, एक पार्टी में एकजुट होने की जरूरत है। उन्होंने पीसीसी, सीपीआई (एमएल) और सीपीआई (एमएल)–न्यू डेमोक्रेसी के बीच हालिया एकता का उदाहरण देते हुए कहा कि यह कम्युनिस्ट क्रांतिकारी संगठनों की एकता की प्रक्रिया को तेज करेगा।

कामरेड पी. प्रसाद ने अंतर्राष्ट्रीय कम्युनिस्ट आंदोलन और भारतीय कम्युनिस्टों के बीच संबंधों का इतिहास प्रस्तुत किया। 1920 से ही कोमिन्टर्न ने भारत में कम्युनिस्ट आंदोलन और सीपीआई के गठन का समर्थन किया। पेशावर, कानपुर और मेरठ षडयंत्र मामलों के दौरान अंतर्राष्ट्रीय कम्युनिस्ट आंदोलन ने भारत के कम्युनिस्टों का साथ दिया। अंतर्राष्ट्रीय कम्युनिस्ट आंदोलन ने देश में कम्युनिस्ट आंदोलन के दौरान विभिन्न अवसरों पर दक्षिणपंथी और अति–वाम भटकावों को सुधारने में भी मदद की। लेनिन ने रूसी क्रांति से पहले से ही भारत के मजदूर आंदोलन में गहरी रुचि ली थी और 1908 में तिलक की गिरफ्तारी के खिलाफ तत्कालीन बंबई में मजदूरों की हड़ताल का समर्थन किया था। लेनिन और अंतर्राष्ट्रीय कम्युनिस्ट आंदोलन के नेतृत्व, जिनमें स्तालिन और माओ भी शामिल थे, ने भारतीय कम्युनिस्टों को महत्वपूर्ण सुझाव दिए। तथापि क्रांति करना अभी अधूरा कार्य है और हमें जुझारू जनांदोलनों का निर्माण करते हुए क्रांतिकारी आंदोलन को आगे बढ़ाने का संकल्प लेना चाहिए।

असम राज्य समिति के नेता कामरेड जोगेश भट्टा ने असम में कम्युनिस्टों के नेतृत्व में हुए संघर्षों की दो लहरों पर चर्चा की। अक्टूबर क्रांति के बाद कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया का गठन हुआ और असम में भूमि तथा अन्य सामाजिक–आर्थिक मुद्दों पर संघर्ष हुए। महान नक्सलबाड़ी विद्रोह के बाद कम्युनिस्ट क्रांतिकारियों ने जन आंदोलन के निर्माण में साहस, बलिदान और दृढ़ता का परिचय दिया, जो पहले नहीं देखा गया था। उन्होंने अति–राष्ट्रवादी आंदोलनों के विरोध में दिए गए बलिदानों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जन प्रतिरोध खड़ा करने के लिए पार्टी दो मोर्चों– बेदखली विरोधी मोर्चा और मजदूर मोर्चा, पर संघर्ष खड़े कर रही है। मध्य भारत में आदिवासी प्रतिरोध के खिलाफ तीव्र दमन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि असम में भी राज्य और कॉरपोरेट पूंजी की इसी तरह की आक्रामक कार्रवाई का नया चरण देखा जा रहा है।

कामरेड एस.वी. राव ने गोदावरी घाटी प्रतिरोध संघर्ष को श्रोताओं के सामने जीवंत कर दिया और मौजूदा सरकारों द्वारा कम्युनिस्ट क्रांतिकारियों पर जारी दमन के खिलाफ भी बात की। उन्होंने कहा कि गोदावरी घाटी संघर्ष के परिणामस्वरूप लगभग 11 लाख एकड़ भूमि पर कब्जा हुआ और 5 लाख एकड़ भूमि के पट्टे आदिवासियों को दिए गए। उन्होंने इस बात की निंदा की कि 90 प्रतिशत विकलांग जी. एन. साईबाबा को दस वर्षों तक अंडा सेल में रखा गया और उन्हें तब रिहा किया गया जब उनका स्वास्थ्य पूरी तरह नष्ट हो चुका था। राज्य 'बहुतों के लिए जेल और कुछ के लिए जमानत' की नीति लागू कर रहा है। उन्होंने कहा कि मार्च 2026 तक नक्सलवाद को समाप्त करने के घोषित उद्देश्य से शुरू किया गया ऑपरेशन कगार सफल नहीं होगा।

कामरेड कुलविंदर सिंह ने पंजाब में कम्युनिस्ट आंदोलन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का विवरण दिया। उन्होंने बताया कि पंजाब में दो धाराएं थीं। एक धारा मुख्य रूप से लाहौर केंद्र में ट्रेड यूनियन कार्य में लगी थी और उनके प्रतिनिधि कानपुर कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए थे। दूसरी धारा गदर पार्टी की थी, जिसमें मुख्यतः उत्तर अमेरिका में काम कर रहे भारतीय शामिल थे, जो ब्रिटिश शासन को उखाड़ फेंकने के लिए भारत आए। उन्होंने विद्रोह संगठित करने की कोशिश की, लेकिन प्रयास असफल रहा। इसके बाद अधिकांश गदर पार्टी के कार्यकर्ता सोवियत संघ चले गए और लौटकर उन्होंने कीर्ति पार्टी का गठन किया। उन्होंने किसानों के बीच काम किया और किसान संघर्षों का नेतृत्व किया। चालीस के दशक में कीर्ति पार्टी आधिकारिक पार्टी में विलय हो गई। लेकिन जल्द ही उसके अधिकांश साथी बाहर निकल आए, लाल कम्युनिस्ट पार्टी बनाई और भूमि के लिए ऐतिहासिक पेप्सू काश्तकार आंदोलन का नेतृत्व किया। बाद में यह भी आधिकारिक पार्टी में शामिल हो गई। इसके बाद इसके कुछ नेता सीपीआई (एमएल) में शामिल हुए।

कामरेड मृगांक ने बताया कि कैसे उभरती कम्युनिस्ट पार्टी ने भारत में ट्रेड यूनियन आंदोलन का मार्गदर्शन किया। उनके नेतृत्व में हुए संघर्षों ने औपनिवेशिक शासकों को और 1947 के बाद भी कई श्रम कानून बनाने के लिए मजबूर किया। कम्युनिस्टों ने मजदूर वर्ग को 'स्वयं में वर्ग' से 'स्वयं के लिए वर्ग' की चेतना विकसित करने में मदद की। प्रारंभिक दौर में उपनिवेश विरोधी आंदोलन की क्रांतिकारी आकांक्षाएं प्रभुत्वशाली कांग्रेस नेतृत्व वाले आंदोलन से टकराईं। कम्युनिस्ट क्रांतिकारी आज भी भारत में ट्रेड यूनियन आंदोलन के निर्माण और मार्गदर्शन में अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

भाषणों के बीच–बीच और विशेष रूप से अंत में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना की अरुणोदय टोली, उत्तर प्रदेश के परिवर्तन सांस्कृतिक मंच, पंजाब के दो पीएसयू छात्रों, पश्चिम बंगाल के छात्र सांस्कृतिक समूह स्फुलिंग, कामरेड मेघनाद तथा खासकर तमिलनाडु की पाला टोली द्वारा कामरेड कोवन के नेतृत्व में प्रस्तुत जोशीले कार्यक्रमों से सभा गूंज उठी। बैठक का समापन स्फुलिंग के एक सदस्य द्वारा गाए गए इंटरनेशनल के जोशीले स्वर के साथ हुआ।

भारत में पहली कम्युनिस्ट कॉन्फ्रेंस की शताब्दी को चिंहित करने वाली यह बैठक अत्यंत उत्साह, मार्क्सवाद–लेनिनवाद–माओ त्से तुंग विचारधारा में दृढ़ विश्वास और फासीवादी हमलों तथा फासीवादी तानाशाही थोपने के प्रयासों को पराजित करने के साथ–साथ भारत में नई जनवादी क्रांतिकारी आंदोलन को आगे बढ़ाने के नए संकल्प के साथ संपन्न हुई। जुझारू जन आंदोलनों के निर्माण और उन्हें तेज करने की शपथ लेते हुए साथी नारों की गूंज के बीच सभास्थल से रवाना हुए जिससे नई जनवादी क्रांति को विजय तक पहुंचाने में मदद हो। "लड़ने का साहस करो, जीतने का साहस करो" की भावना के साथ जुझारू जन आंदोलनों के निर्माण का केंद्रीय समिति का आह्वान प्रतिभागियों के बीच गूंजता रहा।

भारत में पहली कम्युनिस्ट कॉन्फ्रेंस के सौ वर्षों ने कई महत्वपूर्ण सबक दिए हैं। इन्हीं सबकों से सीख लेते हुए और वर्तमान की ठोस परिस्थितियों के आधार पर पार्टी को भारत में नई जनवादी क्रांति को विजयी बनाने के लिए आगे बढ़ना होगा।

24 दिसम्बर 2025 कोलकाता : सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती (बायें) प.बंगाल की टीम स्फुलिंग तथा तमिलनाडु की टीम पाला

मनरेगा समाप्त : महिलाओं, दलितों समेत ग्रामीण गरीबों पर हमला

अनिल दुबे

आरएसएस–बीजेपी की नरेंद्र मोदी सरकार ने लोक कल्याणकारी कार्यक्रमों को चुनावी हथियार में बदल दिया है। राशन कार्ड, आवास योजना, शौचालय, गैस सिलेंडर, बिजली कनेक्शन जैसे कार्यक्रमों का संचालन और आवंटन भाजपा–संघ कार्यालयों से संचालित होने लगा है। मनरेगा जो ग्रामीण गरीबों के लिए 100 दिन के रोजगार के लिए गारंटी कानून था, उसे समाप्त कर उसके स्थान पर वीबी– जीरामजी कानून संसद ने पारित कर दिया है। मनरेगा के तहत जो कानूनी अधिकार रोजगार को लेकर ग्रामीण बेरोजगारों के थे वह अब नहीं प्राप्त हो सकेंगे। नया रोजगार कानून पूरी तरह से केंद्रीकृत है वह उन्हीं क्षेत्रों में लागू होगा जहां केन्द्र सरकार चाहेगी। इन सबसे बढ़कर बात यह है कि देश की अर्थव्यवस्था, जीडीपी ग्रोथ, बेरोजगारी और महंगाई के आंकड़ों में जो फर्जीगिरी है, वह बताती है कि अर्थव्यवस्था गहरे संकट में है। ऐसे में मनरेगा जैसी हजारों करोड़ की प्रतिवर्ष खर्च वाली योजना सरकार को फिजूलखर्ची लगती है। इतना टंटा करने से बेहतर है कि चुनाव के समय बिहार मॉडल की तरह 5, 10 या 15 हजार रुपए वोटरों में बांट दिए जाएं। इस मंशा से ही मनरेगा के कानूनी आधार को समाप्त कर दिया गया है।

2005 में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (नरेगा कानून) संसद से सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसे बाद में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) नाम दे दिया गया। मनरेगा योजना के सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक पहलुओं का आकलन आगे होगा, लेकिन दो पंक्तियों में कहा जाए तो, 2006 से 2025 के अपने 20 वर्ष के जीवन में 4872.72 करोड़ दिनों का लोगों को रोजगार मिला, जिस पर 11.75 लाख करोड़ रुपए केंद्र व राज्य सरकारों ने मजदूरी भुगतान, सामग्रियों, और प्रशासनिक व्यय पर खर्च किये।

मनरेगा कानून कांग्रेस पार्टी ही नहीं देश के शासक वर्गों की नाकामियों का मकबरा जरुर था, क्योंकि 1947 के दशकों बाद भी भूमि सुधार कानून नहीं लागू किये गये, संपत्ति के असमान वितरण को ठीक नहीं किया गया, जिसके कारण भीषण गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई चरम पर बनी रही। मनरेगा कानून जब आया तो देश की यह मांग कि रोजगार का अधिकार मौलिक अधिकार बनाया जाय, जिसका संविधान में वायदा भी है, उस दिशा में यह एक छोटा कदम था, लेकिन आरएसएस–भाजपा की सरकार ने उस सोच को ही समाप्त कर दिया। मनरेगा कानून में ग्रामीण क्षेत्रों में काम मांगे जाने पर 100 दिन रोजगार दिए जाने का नियम था। यह अलग बात है कि बीते दो दशकों में इस कानून के तहत 100 दिन का रोजगार किसी भी वर्ष जाब कार्ड धारकों को नहीं मिला और सोशल ऑडिट (सामाजिक लेखा परीक्षा) का प्रावधान न होने के कारण वह अपने पूरे जीवनकाल में अनियमितता और लूट का शिकार बनता रहा।

मनरेगा कानून के तहत वर्ष में 100 दिन के रोजगार का नियम था, लेकिन वर्ष 2019 से 2025 के दौरान देश भर में औसतन 50 दिन ही प्रति घर, प्रतिवर्ष रोजगार मिल सका। उत्तर प्रदेश में औसतन इन 5 वर्षों में 33 से 36 दिन का ही रोजगार लोगों को मिला और बिहार में 46 से 48 दिन का रोजगार मिला। रूरल डेवलपमेंट डिपार्टमेंट की स्टेट परफॉर्मेंस रिपोर्ट 2024–25 का आंकड़ा बताता है कि उत्तर प्रदेश और हरियाणा में इस वर्ष 33.61 दिन रोजगार मिला। सबसे ज्यादा केरल में 67.7 दिन, बिहार में 45.70 दिन, गुजरात में 49.55 दिन, मध्य प्रदेश में 48.85 दिन और कर्नाटक में 46.5 दिन ही लोगों को रोजगार मिला। कानून के मुताबिक मजदूर द्वारा काम मांगे जाने के 15 दिन में उसे रोजगार दिया जाना आवश्यक था। रोजगार न देने की स्थिति में केंद्र सरकार द्वारा उसे बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान था, लेकिन लगभग 50% जिन जॉब कार्ड धारकों को बीते वर्षों में रोजगार नहीं मिला, उन्हें कोई बेरोजगारी भत्ता नहीं दिया गया। जब मनरेगा में 100 दिन का रोजगार कभी नहीं मिला, तो नयी रोजगार योजना में 125 दिन के रोजगार की बात ग्रामीण बेरोजगारों के लिए 'मुंगेरीलाल के सपने' जैसा है। देश भर में 2020–21 से 2024–25 के दौरान औसतन 50 दिन रोजगार मिला। इसमें 2022–23 में 47. 84 दिन और 2023–24 में 52.7 दिन का रोजगार लोगों को मिला। किसी भी राज्य ने 100 दिन का रोजगार नहीं दिया।

मनरेगा की ऑफिसियल वेबसाइट के अनुसार देश में अब तक 15.52 करोड़ जॉब कार्ड जारी किए गए, लेकिन इस समय 8.61 करोड़ जॉब कार्ड एक्टिव हैं। सरकार ने फर्जी, डुप्लीकेट अथवा इस्तेमाल न होने वाले कार्ड बता कर 5.48 करोड़ से अधिक जॉब कार्ड समाप्त कर दिए। हालांकि सरकार संसद में दूसरे आंकड़े बताती है। संसद के बीते सत्र में राज्यसभा में केंद्र सरकार ने बताया कि देश भर में 4.43 करोड़ जॉब कार्ड हटाए गए हैं। इसमें सबसे ज्यादा बिहार में 1.4 करोड़ कार्ड हटाए गए। दूसरे नंबर पर उत्तर प्रदेश है जहां 90.4 लाख जॉब कार्ड हटाए गए हैं। सरकार ने बताया कि कुल हटाए गए जॉब कार्ड में बिहार और उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी 44 प्रतिशत है। इसके बाद उड़ीसा में 41.6 लाख, मध्य प्रदेश में 32.7 लाख, पश्चिम बंगाल में 24.2 लाख और राजस्थान में 10.5 लाख जॉब कार्ड हटाए गए हैं। राष्ट्रीय स्तर पर देखें तो 2020–21 में देश भर में 27. 9 लाख जॉब कार्ड हटाए गए। 2021–22 में 50.3 लाख, 2022–23 में 2.2 करोड़, 2023–24 में एक करोड़ और 2024–25 में 38.5 लाख जॉब कार्ड हटाए गए हैं।

कोरोना महामारी के दौरान जब पूरे देश से प्रवासी मजदूर अपने गांव लौटे, तो केंद्र और राज्य सरकारें पूरी तरह नाकारा थीं। रोजगार व भोजन तो दूर, लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं और ऑक्सीजन भी उपलब्ध नहीं था। उस समय मनरेगा ने दसियों लाख लोगों को उनके गांव में रोजगार दिया। हालांकि फिर भी उस दौर में 39 प्रतिशत परिवारों को एक भी दिन का काम नहीं मिला। अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय द्वारा कोविड–19 और मनरेगा पर जारी रिपोर्ट 'एंप्लॉयमेंट गारंटी ड्यूटी कोविड–19 रोल ऑफ मनरेगा इन द ईयर आफ्टर द 2020 लॉकडाउन' बताती है कि महामारी के दौरान भी केवल 36 प्रतिशत परिवारों को 15 दिन के भीतर उनका मेहनताना मिल पाया। यह रिपोर्ट 4 राज्यों के 8 ब्लॉक के आंकड़ों के आधार पर तैयार की गई थी, जिनमें बिहार का मधुबनी व सुपौल, कर्नाटक में बीदर, देवदुर्ग, रायचूर, मध्य प्रदेश, ग्वालियर और महाराष्ट्र में वर्धा और नासिक थे।

आरएसएस–बीजेपी सरकार की मनरेगा योजना के प्रति गंभीरता उसके बजट आबंटन में दिखाई देती है। 2020–21 में 1 लाख 9000 करोड़, आबंटित किए गए। 2021–22 में 96 हजार 812 करोड़, 2022–23 में 88 हजार 290 करोड़, 2023–24 में 88 हजार 217 करोड़, 2024–25 में 85 हजार 640 करोड़ और 2025–26 में 86 हजार करोड रुपए आबंटित किए गए। राज्यों की मांग और काम के अनुरूप बजट आबंटन कम ही रहा। अधिकांश मनरेगा भुगतान लंबित रहे हैं। 2023–24 में बजट आबंटन 60000 करोड़ रुपए था, लेकिन खर्च बढ़कर 86 हजार करोड़ हो गया। इस तरह केंद्रीय बजट का जितना आबंटन होता रहा है, उसमें से अच्छा हिस्सा मनरेगा मजदूरी का बकाया रहती रही है। 2022–23 के लिए मनरेगा के तहत बकाया भुगतान सहित कुल खर्च 99 हजार 514 करोड रुपए था। बकाया राशि 11000 करोड रुपए से अधिक थी। आंकड़े बताते हैं कि केंद्र सरकार बीते 10 वर्षों में मनरेगा को लेकर निरंतर उदासीन रही है।

और अब वीबी– जीरामजी में ग्रामीण गरीबों का 100 दिन का रोजगार पाने का कानूनी अधिकार ही समाप्त हो जाएगा, क्योंकि अब रोजगार मांग पर नहीं, बल्कि आपूर्ति पर आधारित होगा। नए विधेयक में कहने को तो रोजगार के दिन 100 से बढ़ा कर 125 कर दिए गए हैं, लेकिन अब रोजगार मांगने पर नहीं, बल्कि केंद्र द्वारा स्वीकृत उस इलाके के लिए कार्य योजना पर आधारित होगा। सबसे बड़ी बात खेती के मौसम के दिनों मे 60 दिनों तक कोई काम नहीं दिया जाएगा। योजना में केंद्र सरकार की भागीदारी 60 और राज्यों की 40 प्रतिशत के अनुपात पर निर्धारित की गई है, जबकि मनरेगा में 90 प्रतिशत धनराशि केंद्र सरकार देती थी और 10 प्रतिशत योगदान राज्यों का था, जिसे अधिकांश राज्य सरकारें नहीं दे पाती थीं। अब तो राज्य सरकारें जीएसटी लागू होने के बाद कटोरा लेकर पूरी तरह केंद्रीय मदद की मोहताज हो गई हैं। ऐसे में ग्रामीण रोजगार योजना पर खर्च उनके लिए बोझ हो जाएगा। इसके अलावा यह वित्तीय मदद और योजना के क्रियान्वयन पर केंद्र सरकार के नियंत्रण को और मजबूत कर देगा।

मनरेगा के तहत 100 दिन का रोजगार पाने का कानूनी अधिकार था और मजदूरी से जुड़ा पूरा खर्च केंद्र सरकार वहन करती थी। नए कानून के मुताबिक केंद्र सरकार प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित किए जाने वाले विकसित भारत मानकों के आधार पर राज्य या क्षेत्र वार आबंटन तय करेगी। इसमें यह भी जोड़ा गया है कि आबंटन से अधिक होने वाला कोई भी खर्च राज्य सरकारों को ही वहन करना होगा। इसका असर यह होगा कि केंद्र सरकार एकतरफा फंडिंग का स्तर तय कर सकेगी, जिसका सीधा असर इस बात पर पड़ेगा कि राज्य कितने दिनों का रोजगार उपलब्ध करा पाएंगे। इस तरह यह मनरेगा की मूल धारणा अवधारणा को ही पूरी तरह उलट देता है, जहां पहले बजट मांग के अनुसार आबंटित होता था। अब नए विधेयक के तहत मांग को तय बजट के भीतर समेटना होगा।

वीबी– जीरामजी विधेयक की धारा 5(1) में कहा गया है कि रोजगार केवल उन्हीं ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध कराया जाएगा, जिन्हें केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित किया जाएगा और प्रति परिवार को कम से कम 125 दिन का काम दिया जाएगा। इसका सीधा मतलब है कि यदि किसी ग्रामीण क्षेत्र को केंद्र सरकार अधिसूचित नहीं करती, तो वहां के निवासियों के पास रोजगार का कोई कानूनी अधिकार नहीं रहेगा। अर्थात एक राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना अब पूरी तरह केंद्र सरकार की इच्छा पर निर्भर हो जाएगी। विधेयक साफ कहता है कि कार्यक्रम कहां लागू होगा इसका फैसला केंद्र सरकार करेगी। रोजगार गारंटी राज्यों की अपनी हिस्सेदारी का खर्चा उठाने की क्षमता पर निर्भर करेगा। इस तरह नयी योजना ना तो राष्ट्रीय रह जाएगी और ना ही उसमें कोई गारंटी होगी।

वीबी– जीरामजी योजना में तकनीक का उपयोग अनिवार्य किया गया है। पारदर्शिता और जवाबदेही के नाम पर कानून में मजदूरों व अधिकारियों दोनों के लिए बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, साथ ही जिओ स्पेशल टूल्स, सैटलाइट इमेजरी, डिजिटल मैपिंग और मोबाइल ऐप के जरिए रियल टाइम मॉनिटरिंग को अनिवार्य किया गया है। यह गरीब ग्रामीण मजदूर के लिए स्मार्टफोन रखने और डाटा खरीदने की समस्या पैदा करेगा। वहीं दूर दराज के इलाकों में डिजिटल इंडिया नेटवर्क पहले ही मजाक बन चुका है। कृषि मौसम अर्थात खेती के सीजन में 2 माह तक काम नहीं दिया जाएगा, जिसका असर खेत मजदूरी की दर पर भी पड़ेगा और आदिवासी व दूरस्थ इलाकों के मजदूरों पर, जहां मनरेगा के तहत मिलने वाला रोजगार आमतौर पर बागवानी, पौधारोपण और अन्य कृषि आधारित गतिविधियों से जुड़ा रहता था। अब बात करें संविधान की भावना का तो यह विधेयक उसका पूरी तरह उल्लंघन करता है। 73वें संविधान संशोधन के तहत मजदूरों, ग्राम सभाओं तथा राज्यों को मिले अधिकार छीन कर नया विधेयक सभी शक्तियां केंद्र सरकार को सौंपता है।

अपनी तमाम खामियों के बावजूद मनरेगा ने गांव के गरीब बेरोजगारों के हालात बदलने में कुछ योगदान दिया है। मनरेगा शुरु होने से पूर्व खेती के कार्य के लिए कोई निश्चित मजदूरी दर नहीं थी। आज सभी राज्यों में मनरेगा मजदूरी औसत 250 रुपए से अधिक है। अब गांव में किसी को काम कराना है, तो उसपर इससे अधिक मजदूरी देने का दबाव होता है। दूसरा मनरेगा ने मामूली ही सही कुछ लोगों के हाथ में पैसा भी दिया है। ग्रामीण मजदूर जो आमतौर पर दलित जातियों से आते हैं, उन्हें मनरेगा ने गांव में जातीय उत्पीड़न से बचने का एक विकल्प भी दिया था। इस तरह मनरेगा ने ग्रामीण मजदूरों को रोजगार का अधिकार, और बिना जातीय उत्पीड़न के काम करने का अवसर दिया था। इससे उनमें जागरूकता भी पैदा हुई है। वीबी–

(शेष पृष्ठ 5 पर)

सीड बिल 2025: संघीय ढ़ांचा और किसान खतरे में हैं

राजिन्दर सिंह दीपसिंहवाला

केंद्र सरकार का प्रस्तावित बीज बिल 2025 संघीय झ़ांचे (फेडरलिज्म) और किसानों पर एक गंभीर हमला है। खेती और खेती की रिसर्च राज्य के विषय हैं, लेकिन आजकल केन्द्रीकरण करना एक नया नॉर्मल बन गया है। 2020 के किसान आंदोलन ने केंद्र सरकार द्वारा स्टेट लिस्ट में दखल को पीछे धकेल दिया था। हालाँकि केंद्र सरकार अड़ी हुई है और अपनी संवैधानिक सीमाओं को मानने को तैयार नहीं है, उसका राज्य की शक्तियों पर दखल देना जारी है।

